हमारी गणना करें 2020

गणना में शक्ती है

ASIAN AMERICANS ADVANCING JUSTICE

COUNTUSIN2020.ORG

जनगणना 101

प्रशन? अंग्रेजी और अन्य भाषाओं में सहायता के लिए हमारी जनगणना हॉटलाइन को 844-2020-API पर कॉल करें। अधिक जानकारी के लिए www.CountUsIn2020.org/hotline पर जाएं।

प्रत्येक 10 वर्ष में, अमेरिकी सरकार जनगणना के माध्यम से अमेरिका में रहने वाले प्रत्येक नागरिक की गिनती करती है। जनगणना एक छोटी-सी प्रश्नावली है जिसमें आपके घर और उसमें रहने वाले सदस्यों के बारे में मूलभूत जानकारी मांगी जाती है। आपके व्यक्तिगत उत्तर गोपनीय हैं। जनगणना अलास्का के दूरदराज के क्षेत्रों में जनवरी 2020 में शुरू हुई, और ज्यादातर घरों में मार्च 2020 में जवाब देने के लिए उनके निमंत्रण प्राप्त होगा । सुनिश्चित करें कि संसाधनों और प्रतिनिधित्व में उचित हिस्सा प्राप्त करने के लिए आपकी गणना हो!

जनगणना में गिना जाना आपके और आपके परिवार के लिए मददगार होता है।

- जनगणना से प्रप्त जानकारी का प्रयोग सरकार की **$1.5 ट्रिलीयन डॉलर** से अधिक की निधि को विद्यालय, पुस्तकालय, फूड स्टैम्पों, और स्वास्थ्य देखभाल जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए बांटा जाता है।
- जनगणना से प्राप्त जानकारी का प्रयोग राजनीतिक प्रतिनिधित्व निर्धारित करने लिए भी किया जाता है; आपके क्षेत्र में जितने अधिक लोग गिने जाएंगे, उतने ही अधिक आपके प्रतिनिधि होंगे।

आपके जनगणना उत्तर गोपनीय रहते हैं।

जनगणना 2020 नागरिकता या आव्रजन स्थिति के बारे में नहीं पूछेंगे और आपकी व्यक्तिगत जानकारी अन्य सरकारी एजेंसियों, आप्रवासन अधिकारियों, या जनता के साथ साझा करने की अनुमति नहीं है। मजबूत कानून आपकी प्रतिक्रिया को साझा होने से बचाते हैं! जनगणना में दी गई जानकारी का प्रयोग केवल सांख्यिकीय प्रयोजनों के लिए किया जा सकता है।

जनगणना में भाग लेना आसान है और शीघ्रः ही होता है

- **आप ऑनलाइन भाग ले सकते हैं।** जनगणना ब्यूरो आपको **मार्च 2020 के मध्य** में निर्देश भेजेगा। सरकारी जनगणना वेबसाइट पर जाएँ, अपने घर की ID डालें, और इसके बाद प्रश्नों के उत्तर दें।
- **आप फोन के माध्यम से भी उत्तर दे सकते हैं।** जनगणना में फोन के जरिए उत्तर देने के लिए जनगणना ब्यूरो को और फोन करें, और जनगणना से संबंधित प्रश्न पूछें।
- यदि आप ऑनलाइन या फोन के माध्यम से जनगणना भागीदारी नहीं करते हैं, तो जनगणना ब्यूरो आपको **कागजी प्रश्नावली** डाक के ज़रिये भेजेगा।

यदि आप ने उत्तर नहीं दिये हैं, तो 2020 के आरंभ से कोई एक जनगणना का कर्मचारी आपके घर स्वयं आकर जानकारी ले सकता है। आप अभी भी जुलाई 2020 तक किसी भी दिन ऑनलाइन या फोन के जरिए हिस्सा ले सकते हैं।

कुछ भाषाओं के लिए भाषा सहायता उपलब्ध है।

ऑनलाइन प्रश्नावली और टेलीफोन सहायता स्पेनिश, चाइनीज़,वियतनामी, कोरियन, रूसी, अरबी, टैगालॉग, पोलिश, फ्रेंच, हेतियन, क्रिओल, पुर्तगाली, और जापानी में उपलब्ध है। जनगणना ब्यूरो 59 गैर-अंग्रेज़ी भाषाओं में भाषा शब्दकोश, भाषा पहचान पत्र और भाषा गाइडें तैयार कर रहा है जो कि www.2020census.gov/en/languages.html पर उपलब्ध है।

आप जनगणना के बारे में अधिक जानकारी इस पर पा सकते हैं: www.CountUsIn2020.org/resources